[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शनिवार, 04 जुलाई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 4 [वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 248, प्रधान संपादक: पवन जैन पदमावत] +91-9594542679 www.padmavatmedia.in padmavatmedia@gmail.com

**अनमोल वचन**

जो आत्म अनुशासन नहीं रख सकता, वह दूसरों को अनुशासन का पाठ कैसे पढ़ा सकता है।

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

जयपुर मेट्रो फेज-2 की सौगात ... 02

03 जालोर नागरिक सहकारी ...

## खबर संक्षेप

### रिफाइनरी लोकार्पण का उदयपुर में होगा सीधा प्रसारण

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** बालोतरा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा होने वाले रिफाइनरी लोकार्पण समारोह का सीधा प्रसारण उदयपुर के सुखाड़िया रंगमंच पर किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का भी आयोजन होगा। राज्य सरकार ने कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी को सौंपी है। उनके मार्गदर्शन में जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, युवाओं, विद्यार्थियों एवं आमजन की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जा रही है।

### जुलाई में चलेगा एंटी डेंगू माह अभियान

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिले में जुलाई माह के दौरान एंटी डेंगू माह अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत घर-घर लार्वा जांच, जनजागरूकता और मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने की विशेष गतिविधियां संचालित होंगी। उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार लोहार ने बताया कि डीबीसी, आशा, एएनएम और सीएचओ की टीम घर-घर सर्वे करेगी। विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से भी डेंगू से बचाव का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेंद्र कुमार परमार ने बताया कि मानसून को देखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### टेस्ट ड्राइव के बहाने स्कूटर ले भागा आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** सुखेर थाना पुलिस ने टेस्ट ड्राइव के बहाने शोरूम से स्कूटर लेकर फरार हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर चोरी गया स्कूटर बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी दीपक उर्फ गोलू ने जिला न्यायाधीश को स्कूटर दिखाने का बहाना बनाकर ईवी शोरूम से वाहन लिया और वापस नहीं लौटाया। शिकायत पर पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर स्कूटर बरामद कर लिया। जांच में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले से भी नौकरी दिलाने, न्यायालय में फैसला करवाने का झांसा देकर धोखाधड़ी तथा मोबाइल शोरूम में ठगी के मामले दर्ज हैं।

### शिल्पग्राम में 5 जुलाई को होगा नाटक पापा भाग गए का मंचन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत रविवार 5 जुलाई को पापा भाग गए नाटक का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला के अंतर्गत पीपुल्स मीडिया थिएटर जयपुर द्वारा पापा भाग गए नाटक का मंचन रविवार 5 जुलाई को सायं 7 बजे शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में किया जाएगा। इस नाटक के लेखक एवं निर्देशक अशोक राही हैं।

**पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाला:**

### ईडी ने दूसरी अनुपूरक अभियोजन शिकायत दाखिल की

**कोलकाता @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी, अर्पिता मुखर्जी, कुंतल घोष समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ विशेष पीएमएलए अदालत में दूसरी अनुपूरक अभियोजन शिकायत दाखिल की है। ईडी के अनुसार जांच में शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में ओएमआर अंकों में हेराफेरी, चयन सूची में अनियमितता और अयोग्य अभ्यर्थियों की नियुक्ति के बदले अवैध धन वसूली के आरोप सामने आए हैं। एजेंसी का आरोप है कि इस धन को विभिन्न माध्यमों से वैध संपत्ति के रूप में छिपाने का प्रयास किया गया। मामले में अब तक 301.58 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की जा चुकी हैं। वहीं पश्चिम बंगाल के विभिन्न भर्ती घोटालों में ईडी अब तक कुल 702.93 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क या जब्त कर चुकी है।

# रिफाइनरी उद्घाटन की तैयारियों का मुख्यमंत्री ने लिया जायजा, अधिकारियों को दिए अंतिम निर्देश

## पचपदरा में व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण, बोले- आयोजन बने ऐतिहासिक, सुरक्षा और जनसुविधाओं में नहीं रहे कोई कमी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बालोतरा।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पचपदरा पहुंचकर एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी के उद्घाटन कार्यक्रम की तैयारियों का व्यापक जायजा लिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल, सुरक्षा व्यवस्था और जनसुविधाओं का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सभी तैयारियां अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने रिफाइनरी के कंट्रोल रूम सहित विभिन्न इकाइयों का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाएं निर्बाध और सुचारु रहनी चाहिए। आमजन के लिए पेयजल, बैठने की व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाओं सहित सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं, ताकि कार्यक्रम ऐतिहासिक और सफल बन सके। साथ ही सुरक्षा एजेंसियों को आपसी समन्वय के






साथ पूरी सतर्कता से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि शनिवार को पचपदरा में आयोजित मुख्य कार्यक्रम से प्रदेश के सभी जिले वर्चुअल माध्यम से जुड़ेंगे। प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 75 लाख लोग राजस्थान रिफाइनरी के उद्घाटन के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बनेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 जुलाई को पचपदरा से भारत की प्रथम ग्रीनफील्ड एकीकृत रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही वे प्रदेश की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे।

निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के दौरान केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित जनप्रतिनिधि, एचआरआरएल और जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# उदयपुर पुलिस ने नष्ट किए 5.97 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ, 123 मामलों का हुआ निस्तारण

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत उदयपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5 करोड़ 97 लाख 49 हजार 790 रुपये मूल्य के जब्त अवैध मादक पदार्थों का वैज्ञानिक तरीके से नष्टकरण किया। जिले के 23 थाना क्षेत्रों में दर्ज 123 प्रकरणों में जब्त विभिन्न प्रकार के मादक पदार्थों को सीमेंट फैक्ट्री, डबोक में नियमानुसार नष्ट किया गया।

जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन की अध्यक्षता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल तथा पुलिस निरीक्षक (अपराध सहायक) प्रभुलाल सहित पुलिस टीम की मौजूदगी में यह कार्रवाई संपन्न हुई। पुलिस मुख्यालय के निदेशानुसार चलाए जा रहे अभियान के तहत न्यायालयीन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद जब्त मादक पदार्थों का सुरक्षित और वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण



किया गया।

नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 2,641.691 किलोग्राम डोडा चूरा, 317.244 किलोग्राम गांजा, 277.57 ग्राम एमडीएमए, 44.94 ग्राम ब्राउन शुगर, 542.400 लीटर कोडीन, 717.78 ग्राम चरस, 839.22 ग्राम नशीली दवाइयां तथा 106.443 किलोग्राम गांजे के पौधे शामिल हैं। कुल 3,609.658 किलोग्राम मादक पदार्थों का नष्टकरण



किया गया, जिनकी अनुमानित कीमत 5.97 करोड़ रुपये आंकी गई है। उदयपुर पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस का उद्देश्य नशा तस्करों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई करना है।

## पूर्व अध्यक्ष स्व. बद्रीलाल कचरावत की पुण्यतिथि पर मेनारिया समाज ने किया वृक्षारोपण



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मेनारिया समाज ग्राम सभा, पानेरियों की मादड़ी के पूर्व अध्यक्ष स्व. बद्रीलाल कचरावत की प्रथम पुण्यतिथि पर निरंजन राष्ट्रीय व्यायामशाला एवं बजरंग क्लब के सहयोग से श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाजजनों ने पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा तथा उनके समाजसेवा और जनकल्याण के कार्यों को याद किया। समाज के प्रवक्ता कैलाश मेनारिया ने बताया कि इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया गया। समाजजनों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## 12 जुलाई को होगा विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह, तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** विप्र फाउंडेशन जोन 1ए (शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ) की बैठक गुरुवार को महर्षि गौतम भवन, सेक्टर-5 में आयोजित हुई। बैठक में 12 जुलाई को राष्ट्रीय तीर्थ प्रताप गौरव केंद्र के कुंभा सभागार में आयोजित होने वाले विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह एवं मार्गदर्शन सेमिनार की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश संयोजक डॉ. एच.आर. दवे ने की। मुख्य अतिथि मधुसूदन पालीवाल तथा विशिष्ट अतिथि सतीश चंद्र जोशी एवं पुष्कर राज आमेटा रहे। समारोह का आयोजन राष्ट्रीय संरक्षक धर्म नारायण जोशी, राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्यनारायण श्रीमाली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम सिखवाल, शिक्षाविद् आर.सी. व्यास तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल के मार्गदर्शन में होगा। डॉ. दवे ने बताया कि प्रतिभा सम्मान के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 7 जुलाई कर दी गई है। अधिकाधिक प्रतिभाओं को



अवसर देने के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। इसके लिए आवेदन पत्र विभिन्न समाज प्रमुखों को उपलब्ध कराए गए हैं। प्रकोष्ठ के सचिव गणेश नागदा ने सभी विप्र समाजों से अधिकाधिक योग्य विद्यार्थियों तक कार्यक्रम की जानकारी पहुंचाने और उन्हें आवेदन के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। बैठक में समारोह की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए समाज के पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा अतिथि स्वागत, पंजीयन, मंच व्यवस्था, सम्मान प्रक्रिया और प्रचार-प्रसार सहित अन्य तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में मेनारिया, पालीवाल, आमेटा, गुर्जर गौड़, भार्गव, भट्ट मेवाड़ा, सनाढ्य, पारीक, सारस्वत सहित विभिन्न विप्र समाजों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुलिस मुख्यालय लद्दाख में तीन अधिकारियों को दी गई भावभीनी विदाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**लद्दाख ।** पुलिस मुख्यालय, लद्दाख में लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा करने के बाद स्थानांतरित हुए मुख्य लेखा अधिकारी स्कालजंग चोस्पा, लेखा सहायक जिगमेट नोरगाइस तथा निरीक्षक मंजूर अहमद को भावभीनी विदाई दी गई।

मुख्य लेखा अधिकारी स्कालजंग चोस्पा और लेखा सहायक जिगमेट नोरगाइस ने लेखा शाखा में, जबकि निरीक्षक मंजूर अहमद ने प्रशिक्षण एवं कल्याण शाखा में अपनी सेवाएं दीं। अपने कार्यकाल के दौरान तीनों अधिकारियों ने अपने-अपने दायित्वों का निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निर्वहन करते हुए पुलिस मुख्यालय के कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस अवसर पर पुलिस मुख्यालय में सम्मान



समारोह एवं चाय-समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें लद्दाख के पुलिस महानिदेशक आनंद जैन ने तीनों अधिकारियों को पारंपरिक खाता पहनाकर तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर उनकी सेवाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

समारोह के दौरान अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक (कार्मिक) ने तीनों अधिकारियों के योगदान की सराहना करते हुए उनके कार्यकाल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। वहीं, स्थानांतरित अधिकारियों ने पुलिस मुख्यालय में कार्य करने के अपने अनुभव



साझा करते हुए सहयोग और मार्गदर्शन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि स्कालजंग चोस्पा का स्थानांतरण जिला कोषालय कार्यालय, लेह, जिगमेट नोरगाइस का लद्दाख सचिवालय तथा निरीक्षक मंजूर अहमद का स्थानांतरण यातायात पुलिस, लद्दाख में किया गया है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तीनों अधिकारियों को नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्वस्थ दांत, खूबसूरत मुस्कान अभियान का शुभारंभ, पेसिफिक डेंटल कॉलेज ने शुरू की मोबाइल दंत चिकित्सा वैन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** आमजन, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक दंत चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से पेसिफिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने स्वस्थ दांत, खूबसूरत मुस्कान झ पेसिफिक वैन, अब आपके द्वार अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अत्याधुनिक मोबाइल दंत चिकित्सा वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मोबाइल वैन को पीएमसीएच के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अमन अग्रवाल, डॉ. एम.एम. मंगल, प्रिंसिपल डॉ. यू.एस. परिहार, पीडीसीआरसी के प्रिंसिपल डॉ. गौरव भारद्वाज, डॉ. विवेक, डॉ. जीतेन्द्र लोहार, डॉ. महिमा एवं अन्य अतिथियों ने रवाना किया।

एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अमन अग्रवाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक दंत



चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है, जहां नियमित दंत उपचार की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। प्रिंसिपल डॉ. गौरव भारद्वाज ने बताया कि मोबाइल दंत चिकित्सा वैन के माध्यम से निःशुल्क दंत जांच, दांतों की सफाई,



प्राथमिक उपचार तथा ओरल हाइजीन के प्रति जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे, जिससे अधिक से अधिक लोगों को बेहतर दंत स्वास्थ्य का लाभ मिल सके।

### 6 को आठ ग्राम पंचायतों में लगेंगे ग्रामीण सेवा शिविर

**प्रतापगढ़ @ पदमावत मीडिया।** राज्य सरकार के निदेशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए 6 जुलाई (सोमवार) को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# खबर संक्षेप

## कृषि प्रोत्साहन राशि हेतु आवेदन शुरू

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** कृषि शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिए वर्ष 2026-27 हेतु राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। छात्राएं 1 जुलाई 26 से 31 जनवरी 27 तक आवेदन कर सकती हैं। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार सुधीर कुमार वर्मा ने बताया कि 11वीं-12वीं (कृषि) की छात्राओं को 15 हजार रुपये, बीएससी एवं एमएससी (कृषि) की छात्राओं को 25-25 हजार रुपये तथा पीएचडी (कृषि) की छात्राओं को 40 हजार रुपये प्रतिवर्ष प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि गत वर्ष उदयपुर की करीब 1350 छात्राओं को 3.5 करोड़ रुपये से अधिक तथा प्रदेशभर में 35 हजार छात्राओं को 70 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि वितरित की गई थी। पात्र छात्राओं से समय पर राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदन करने की अपील की गई है।

## किशनपोल जोन में लगा शहरी सेवा शिविर

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर द्वारा आयोजित शहरी सेवा शिविर-2026 के तहत शुक्रवार को किशनपोल जोन में शिविर आयोजित हुआ। शिविर में जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन के 76 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 72 प्रमाण पत्र मौके पर जारी किए गए। पीएम स्वनिधि योजना के 15 आवेदनों में से 10 को तत्काल ऋण स्वीकृत किया गया, जबकि जन-आधार के 490 आवेदनों का मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में भवन निर्माण स्वीकृति, पट्टा, यूडी टैक्स, स्ट्रीट लाइट, सफाई, सीवरेज, सड़क, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा बिजली सहित विभिन्न विभागों से जुड़े मामलों का समाधान किया गया। शनिवार को नगर निगम मुख्यालय में शहरी सेवा शिविर आयोजित होगा। **सफलता की कहानी:** रामगंज निवासी धन कंवर को पीएम स्वनिधि योजना के तहत 50 हजार रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ, जिससे वे टिफिन सेंटर शुरू कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। वहीं किशनपोल निवासी रजत अग्रवाल को त्रिपोलिया बाजार स्थित दुकान निर्माण की स्वीकृति भी शिविर में ही प्रदान की गई।

## RTO ई-चालान के नाम पर साइबर ठगी से सावधान

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने RTO ई-चालान के नाम पर भेजी जा रही फर्जी .अढव फाइलों से सावधान रहने की अपील की है। साइबर ठग फर्जी एसएमएस और व्हाट्सएप संदेश भेजकर मोबाइल में मैलवेयर इंस्टॉल करा बैंक खातों से रकम उड़ा रहे हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस वी.के. सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग या ट्रैफिक पुलिस कभी भी व्हाट्सएप पर एपीके फाइल या निजी लिंक नहीं भेजती। चालान की जानकारी और भुगतान केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से ही करें। पुलिस ने लोगों से अनजान लिंक और एपीके फाइल डाउनलोड नहीं करने तथा साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 या साइबर पुलिस से संपर्क करने की अपील की है।

## उप निरीक्षक भर्ती-2025 : शारीरिक दक्षता परीक्षा जुलाई के अंतिम सप्ताह में

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा जुलाई 2026 के अंतिम सप्ताह में आयोजित होगी। परीक्षा जयपुर, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बीकानेर और अजमेर रेंज मुख्यालयों पर होगी। उप महानिरीक्षक पुलिस मनोज कुमार ने बताया कि प्रवेश-पत्र जल्द ही जारी किए जाएंगे, जिन्हें अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी से डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा से संबंधित सभी जानकारी राजस्थान पुलिस और आरपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएगी। अभ्यर्थियों को नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहने की सलाह दी गई है।

## 15 साल बाद किसान के राजस्व रिकॉर्ड की त्रुटि सुधरी

**भीलवाड़ा @ पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत गुंदली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में किसान नारायण गुर्जर एवं सायर पत्नी गोपी गुर्जर की 15 वर्ष पुरानी राजस्व रिकॉर्ड संबंधी समस्या का मौके पर समाधान किया गया। राजस्व अभिलेखों में बैंक रहन की गलत प्रविष्टि दर्ज होने से उन्हें भूमि संबंधी कार्यों में परेशानी हो रही थी। शिविर प्रभारी एवं तहसीलदार ललित सेन के निर्देशन में राजस्व अधिकारियों ने जांच के बाद त्रुटिपूर्ण प्रविष्टि को रिकॉर्ड से हटाकर अभिलेखों को शुद्ध किया। वर्षों पुरानी समस्या का समाधान होने पर लाभार्थियों ने राज्य सरकार और राजस्व विभाग का आभार व्यक्त किया।

# जयपुर मेट्रो फेज-2 की सौगात देंगे प्रधानमंत्री

# 41 किलोमीटर लंबे कॉरिडोर का होगा शिलान्यास

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 4 जुलाई को बालोतरा के पचपदरा में आयोजित राजस्थान रिफाइनरी के लोकार्पण समारोह के दौरान जयपुर मेट्रो रेल परियोजना फेज-2 का शिलान्यास करेंगे। करीब 13,037 करोड़ रुपये की इस महत्वाकांक्षी परियोजना से जयपुर के औद्योगिक, व्यावसायिक और आवासीय क्षेत्रों को अत्याधुनिक मेट्रो नेटवर्क से जोड़ते हुए शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

जयपुर मेट्रो फेज-2 के तहत प्रह्लादपुरा से टोंडी मोड़ तक 41 किलोमीटर लंबा उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर विकसित किया जाएगा। इस कॉरिडोर में 36 मेट्रो स्टेशन बनाए जाएंगे, जो सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र, वीकेआई, जयपुर एयरपोर्ट, टोंक रोड, एसएमएस अस्पताल, स्टेडियम, कलेक्ट्रेट, रेलवे स्टेशन, अंबाबाड़ी और विद्याधर नगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों को निर्बाध रूप से जोड़ेंगे। परियोजना का क्रियान्वयन राजस्थान मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा भारत सरकार और राजस्थान सरकार की 50:50 साझेदारी में किया जाएगा।

परियोजना की विशेषता यह होगी कि एयरपोर्ट क्षेत्र में भूमिगत मेट्रो स्टेशन भी विकसित किए जाएंगे, जिससे शहर में एकीकृत और निर्बाध मेट्रो नेटवर्क स्थापित होगा। इसके साथ ही यात्रियों को एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड जैसी प्रमुख परिवहन सुविधाओं के बीच बेहतर मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

जयपुर मेट्रो के पहले चरण में मानसरोवर से बड़ी चौपड़ तक 11.64 किलोमीटर लंबी मेट्रो सेवा पहले से संचालित है। अब फेज-2 के पहले पैकेज के लिए 918.04 करोड़ रुपये से अधिक के कार्यों का स्वीकृति पत्र जारी किया जा चुका है। इस पैकेज के तहत प्रह्लादपुरा से पिंजरापोल गौशाला तक 12 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर, 10 एलिवेटेड स्टेशनों तथा मेट्रो डिपो की ओर जाने वाली स्पर लाइन का निर्माण किया जाएगा।

परियोजना पूरी होने के बाद जयपुर में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बड़ा बल मिलेगा। वर्तमान में प्रतिदिन करीब 50 हजार यात्री जयपुर मेट्रो से सफर करते हैं। फेज-2 के पूर्ण होने के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग ढाई लाख यात्रियों प्रतिदिन तक पहुंचने का अनुमान है, जबकि आगामी वर्षों में इसके चार लाख से अधिक यात्रियों प्रतिदिन तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। इसके अलावा चाकसू, चौमूं और आसपास के कस्बों को निकटतम मेट्रो स्टेशनों से जोड़ने के लिए फीडर बस सेवाएं भी शुरू की जाएंगी, जिससे आमजन को अधिक सुविधाजनक और सुगम परिवहन उपलब्ध होगा।

## 300 वर्ष पुरानी परंपरा निभाएगा मेनारिया समाज, 5 जुलाई को होगी श्री चारभुजा नाथजी की महाप्रसादी



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** मेनारिया समाज ग्राम सभा, पानेरियों की मादड़ी द्वारा मेवाड़ में अच्छी वर्षा, सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना को लेकर 5 जुलाई को भगवान श्री चारभुजा नाथजी की परंपरागत सामूहिक महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। लगभग 300 वर्षों से चली आ रही इस परंपरा में समाज के सभी परिवार भाग लेंगे। ग्राम सभा अध्यक्ष बंशीलाल मेनारिया ने बताया कि भगवान श्री चारभुजा नाथजी को 11 क्विंटल चूरमे का भोग अर्पित किया जाएगा। समाज की महिलाएं मंगल गीतों के माध्यम से अच्छी वर्षा और समृद्धि की कामना करेंगी। समाज के प्रवक्ता कैलाश मेनारिया ने बताया कि कृषि आधारित जीवन को ध्यान में रखते हुए वर्षा की कामना के लिए यह परंपरा शुरू हुई थी, जो आज भी श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाई जा रही है। महामंत्री किशनलाल मेनारिया ने बताया कि महाप्रसादी में प्रतिवर्ष करीब 5 हजार समाजजन प्रसाद ग्रहण करते हैं तथा आयोजन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## ऑपरेशन विषभंजन में बालोतरा पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई, 2.20 किलो एमडी ड्रग्स जब्त

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**बालोतरा।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन विषभंजन के तहत बालोतरा पुलिस ने अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए 2.200 किलोग्राम एमडी (मेफेड्रोन) ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने 2.20 करोड़ रुपये की एमडी ड्रग्स के साथ 1.25 लाख रुपये की नकदी भी जब्त कर पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक रमेश आईपीएस ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूल सिंह एवं वृत्ताधिकारी सुखाराम के सुपरविजन में जिला स्पेशल टीम और धोरीमन्ना थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई की। एक माह तक गुप्त निगरानी के बाद पुलिस ने धोरीमन्ना थाना क्षेत्र की एक ढाणी पर दबिश देकर कमरे में छिपाकर रखी गई एमडी ड्रग्स और नकदी बरामद की।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चेनाराम (47) और उसके पुत्र हनुमानराम (25), निवासी मायलों की बेरी, खारी, थाना धोरीमन्ना के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी आबादी से दूर स्थित ढाणी से मादक पदार्थों की सप्लाई कर अवैध कारोबार संचालित कर रहे थे।

पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूरे सप्लाई नेटवर्क, आर्थिक लेन-देन और इस कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच शुरू कर दी है। जिला पुलिस ने आमजन से नशा तस्करी की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

## राजस्थान पुलिस का विशेष यातायात अभियान शुरू, पहले दिन 18,477 चालकों पर कार्रवाई

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं अनुशासित बनाने के उद्देश्य से राजस्थान पुलिस ने प्रदेशभर में विशेष यातायात प्रवर्तन अभियान शुरू किया है। 2 जुलाई से 16 जुलाई 2026 तक चलने वाले इस अभियान के पहले ही दिन 18,477 यातायात नियम उल्लंघनकताओं के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देश तथा महानिदेशक पुलिस (प्रशिक्षण एवं यातायात) अनिल पालीवाल के पर्यवेक्षण में संचालित इस अभियान के तहत सभी जिला पुलिस अधीक्षकों एवं पुलिस उपायुक्तों को सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान के दौरान बिना हेलमेट वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने, राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों सहित अन्य सड़कों पर अवैध पार्किंग करने तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन अनुशासन का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (यातायात) डॉ. बी.एल. मीणा ने बताया कि अभियान के पहले दिन 2 जुलाई को बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 7,104, तेज गति से वाहन चलाने वाले 5,133, अवैध पार्किंग करने वाले 3,082 तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन अनुशासन का उल्लंघन करने वाले 3,158 वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान प्रवर्तन कार्रवाई के साथ-साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जनजागरूकता पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। लोगों को चालक एवं सहयात्री दोनों के लिए हेलमेट पहनने, केवल भारतीय मानक ब्यूरो प्रमाणित हेलमेट का उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, अधिकृत स्थान पर ही वाहन खड़ा करने तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर लेन अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

राजस्थान पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे अपनी एवं अपने परिवार की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करें। सड़क सुरक्षा में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी ही सड़क दुर्घटनाओं को कम करने का सबसे प्रभावी माध्यम है।

# मालवाड़ा में नि:शुल्क नेत्र शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़, 287 रोगियों की हुई जांच

### 287 मरीजों की आधुनिक उपकरणों से जांच, मोतियाबिंद रोगियों का नि:शुल्क ऑपरेशन होगा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

संवाददाता : माणकमल भंडारी





**भीनमाल।** आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल, जिला अंधता निवारण समिति जालोर, शिव साईं सेवा समिति रानीवाड़ा एवं आरसीसी मालवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय अस्पताल मालवाड़ा में विशाल निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे, जिनकी आधुनिक उपकरणों से जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया गया।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि शिविर का आयोजन स्वर्गीय वादीबेन हंसराज वनराज मेहता की स्मृति में तथा भामाशाह सत्येन जैन (मालवाड़ा, वर्तमान निवास मुंबई) के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी सुरेन्द्र मेहता एवं सुशीला मेहता के मुख्य आतिथ्य, आरसीसी चेयरमैन रोटेरियन मोहन पाराशर, समाजसेवी गणपतसिंह मालवाड़ा तथा आरसीसी जिलाध्यक्ष नारायणलाल भट्ट की अध्यक्षता में दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का समिति अध्यक्ष मुकेशकुमार खंडेलवाल ने माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया।

रोटेरियन मोहन पाराशर ने कहा कि निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा करना ही ईश्वर की सच्ची उपासना है। समाजसेवी गणपतसिंह मालवाड़ा ने ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे निःशुल्क नेत्र शिविरों को आमजन के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त किया।

समिति अध्यक्ष मुकेशकुमार खंडेलवाल ने बताया कि डॉ. नेहा वागेला के नेतृत्व में ग्लोबल आई हॉस्पिटल आबूरोड की विशेषज्ञ टीम ने 287 मरीजों की आधुनिक तकनीक से नेत्र जांच की। शिविर में मेघा गोस्वामी, पिंटू मेघवाल, राम गर्ग, जोहेफ, हरिश राणा एवं जगदीशसिंह सहित टीम के सदस्यों ने सेवाएं दीं। जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क आई ड्रॉप वितरित किए गए तथा मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों को चिन्हित कर निःशुल्क ऑपरेशन के लिए ग्लोबल आई हॉस्पिटल भेजा गया, जहां अत्याधुनिक फेको पद्धति से बिना चीरा ऑपरेशन किया जाएगा। मरीजों के आवागमन की व्यवस्था भी निःशुल्क रहेगी।

शिविर में सेवाएं देने वाली चिकित्सक टीम का भामाशाह परिवार की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। ग्रामीणों ने ऐसे जनसेवा कार्यों के लिए संस्था एवं सहयोगी परिवारों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में महात्मा गांधी विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकेश जोशी, दिनेश जोशी, योगेश जीनगर, प्राची खंडेलवाल, नरपत वाघेला, लीना हिराणी सहित अनेक समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर में केसर सिंह को मिली शौचालय निर्माण की स्वीकृति

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**राजसमंद।** पंचायत समिति कुंभलगढ़ की ग्राम पंचायत ओलादर में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में जरूरतमंद परिवार की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करते हुए केसर सिंह को व्यक्तिगत शौचालय निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई। केसर सिंह ने शिविर में आवेदन देकर बताया कि उनके घर में शौचालय नहीं होने से परिवार के सभी सदस्यों, विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

आवेदन पर उपखंड अधिकारी एवं शिविर प्रभारी साक्षी पुरी के निर्देशन तथा विकास अधिकारी मांगीलाल के मार्गदर्शन में पात्रता की जांच कर मौके पर ही शौचालय निर्माण की स्वीकृति जारी कर दी गई। उपखंड अधिकारी साक्षी पुरी ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों की सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में शिविरों का लाभ उठाने की अपील की।

केसर सिंह ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिविर के माध्यम से उनकी वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हुआ है और अब परिवार को सम्मानजनक स्वच्छता सुविधा मिल सकेगी। शिविर में तहसीलदार पर्वत सिंह राठौड़, विकास अधिकारी मांगीलाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 7 वर्षीय बाल योगी सूर्याक्ष शर्मा ने 126 सूर्यनमस्कार कर बटोरी सराहना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** फतहसागर की पाल पर 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित 126 सूर्यनमस्कार महाआयोजन में 7 वर्षीय बाल योगी सूर्याक्ष शर्मा ने मंच से लगातार 126 सूर्यनमस्कार चक्र पूरे कर उपस्थित योग साधकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व अतिरिक्त जिला कलेक्टर (शहर) वार सिंह ने बाल योगी सूर्याक्ष शर्मा को गोद में उठाकर सम्मानित किया। सहायक निदेशक आयुर्वेद डॉ. भानुकुमार जैन, वैद्य शोभालाल औदीच्य, डॉ. विष्णु बंशीवाल, सुरेश पालीवाल, कृष्णा पालीवाल, मुकेश पाठक, योगी अशोक जैन एवं पूरण सिंह राठौड़ सहित अन्य अतिथियों ने भी उन्हें उपरणा, स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 21 जून को गांधी ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भी बाल योगी सूर्याक्ष शर्मा को उत्कृष्ट योग प्रदर्शन के लिए जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया था। सूर्याक्ष शर्मा योगाचार्य दंपती मनिता शर्मा एवं जिग्नेश शर्मा के सुपुत्र हैं तथा सेंट्रल एकेडमी विद्यालय, हिरण मगरी सेक्टर-5 में कक्षा द्वितीय के विद्यार्थी हैं।

## डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय ने पीएचडी सुपरवाइजर के लिए मांगे आवेदन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**जयपुर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर विधि विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वर्ष 2022 के प्रावधानों के तहत पीएचडी शोध पर्यवेक्षक (सुपरवाइजर) के लिए पात्र शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किए हैं। विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी विधि महाविद्यालयों के योग्य संकाय सदस्यों का पैनल तैयार किया जाएगा। जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया कि कुलसचिव वीरेंद्र वर्मा (आरएएस) द्वारा जारी आदेश के अनुसार विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी विधि महाविद्यालयों के प्राचार्यों के माध्यम से 24 जुलाई 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पात्र अभ्यर्थी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्धारित मानकों एवं प्रक्रिया के अनुरूप आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया, पात्रता एवं अन्य दिशा-निर्देश विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। कुलगुरु प्रो. निष्ठा जसवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय का उद्देश्य विधि शिक्षा में उत्कृष्ट एवं गुणवत्तापूर्ण शोध संस्कृति को बढ़ावा देना है। अनुभवी एवं शोधोन्मुख शिक्षकों की भागीदारी से शोधार्थियों को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिलेगा और शोध कार्यों की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय शोध, नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा योग्य शिक्षकों के लिए यह एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# जालोर नागरिक सहकारी बैंक में एआई तकनीक पर विचार गोष्ठी आयोजित

## सहकार सप्ताह के तहत बैंकिंग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर हुआ मंथन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** सहकार सप्ताह के तहत जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के प्रधान कार्यालय सभागार में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में बैंकिंग और सहकारिता क्षेत्र में एआई के बढ़ते उपयोग तथा इसके लाभों पर चर्चा की गई।

बैंक उपाध्यक्ष ललितकुमार दवे ने स्वागत करते हुए विषय की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि उप पंजीयक सहकारी समितियां सुनील वीरभान तथा अध्यक्षता बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर ने की। पाराशर ने



कहा कि भविष्य में एआई आधारित बैंकिंग से ग्राहकों को अधिक पारदर्शी, तेज और बेहतर सेवाएं मिलेंगी।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानंद भट्ट ने एआई तकनीक की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। सुनील वीरभान ने कहा कि एआई के माध्यम से सहकारी संस्थाओं में पारदर्शिता बढ़ेगी और किसानों व सदस्यों तक योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि ग्राहक संगोष्ठी में उम्मेद सुथार, भंवरलाल सुथार, मोहनलाल परमार एवं पी.एल. सोनगरा ने एआई टूल्स के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। आईटी विभाग के प्रमोद दवे ने प्रोजेक्टर के माध्यम से एआई तकनीक का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में सहकारी समितियों के पदाधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे। अंत में बैंक संचालक कान्तिलाल भंडारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## नशा मुक्त अभियान: लेह पुलिस ने उप्शी चेकपोस्ट पर नार्को स्निफर डॉग तैनात किया



पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**लेह/लद्दाख ।** नशा मुक्त अभियान के तहत लेह पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए उप्शी चेकपोस्ट पर प्रशिक्षित नार्को स्निफर डॉग तैनात किया है। इसके साथ ही मनाली मार्ग से आने वाले वाहनों की सघन जांच शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को खरू पुलिस पोस्ट प्रभारी के नेतृत्व में विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान मनाली मार्ग से आने वाले वाहनों की नार्को स्निफर डॉग की सहायता से गहन तलाशी ली गई, ताकि छिपाकर ले जाए जा रहे मादक पदार्थों का पता लगाया जा सके। अभियान के दौरान पुलिस ने यात्रियों को एनडीपीएस अधिनियम के तहत मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर होने वाली कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानकारी भी दी। लेह पुलिस ने आमजन से नशे के खिलाफ अभियान में सहयोग करने तथा मादक पदार्थों की तस्करी या बिक्री से जुड़ी किसी भी सूचना की तत्काल पुलिस को जानकारी देने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर डूंगरपुर सीसीबी अध्यक्ष सम्मानित

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष गोवर्धनलाल




पाटीदार को सहकारिता क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं ग्रामीण विकास में योगदान के लिए 2 जुलाई को जयपुर में राज्य स्तरीय समारोह में सहकारिता मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं वरसिंगपुर लैम्प्स के व्यवस्थापक ललित जोशी को भी उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान मिला। बैंक के प्रबंध निदेशक राजकुमार खंडिया ने बताया कि यह सम्मान सहकारी तंत्र को मजबूत करने और किसानों के हित में किए गए नवाचारों के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि वरसिंगपुर लैम्प्स ने कृषि आदानों की उपलब्धता के साथ सेवा विस्तार और व्यवसाय विविधीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर अन्य समितियों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है।

### ग्रामीण सेवा शिविर में आठ खातेदारों की कृषि भूमि का बंटवारा

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** गोगुंदा तहसील की ग्राम पंचायत मजावड़ी में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर के दौरान आठ



खातेदारों की कृषि भूमि का आपसी सहमति से बंटवारा कर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज किया गया। इससे वर्षों पुराना विवाद समाप्त हो गया और सभी खातेदारों को उनके हिस्से की भूमि का विधिवत स्वामित्व मिल गया। तहसीलदार प्रवीण कुमार सैनी ने बताया कि राजस्व विभाग ने शिविर में आवश्यक कार्रवाई पूरी कर भूमि बंटवारे की प्रक्रिया मौके पर ही पूर्ण की। लाभार्थियों ने राज्य सरकार और प्रशासन का आभार व्यक्त किया। शुक्रवार को जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों तथा नगर निकायों में भी ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर आयोजित कर आमजन की समस्याओं का निस्तारण किया गया।

## एसबीआई स्थापना दिवस, डॉक्टर्स डे और सीए डे पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** स्थानीय एसबीआई बैंक परिसर में एसबीआई स्थापना दिवस, डॉक्टर्स डे एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट्स डे के अवसर पर समारोह एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में करीब 55 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि मुख्य प्रबंधक कुलदीप सोनगरा ने बैंक के इतिहास और ग्राहक सेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर केक काटकर स्थापना दिवस, डॉक्टर्स डे और सीए डे मनाया गया।




कार्यक्रम में डॉ. अमृत पटनी, डॉ. प्रेमराज परमार, डॉ. नेमीचंद संघवी, डॉ. अक्षय बोहरा, डॉ. केतन गांधी, सीए जितेंद्र माली, सीए हरि देवासी, नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी सहित बैंक अधिकारी, चिकित्सक, चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रवीन्द्र डूँगरवाल बने आकाशवाणी उदयपुर-जोधपुर के क्लस्टर प्रमुख

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** भारतीय प्रसारण सेवा (आईबीएस) के वरिष्ठ अधिकारी एवं उपमहानिदेशक रवीन्द्र डूँगरवाल ने आकाशवाणी उदयपुर एवं जोधपुर के क्लस्टर प्रमुख के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। डूँगरवाल पश्चिमी और दक्षिणी राजस्थान के 15 आकाशवाणी केंद्रों के प्रसारण, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्यों का नेतृत्व करेंगे। उनके कार्यक्षेत्र में उदयपुर,



जोधपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, बांसवाड़ा, पाली, जालौर, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, नाथद्वारा सहित अन्य केंद्र शामिल हैं। डूँगरवाल को प्रसारण सेवाओं का लंबा अनुभव है। वे दूरदर्शन और आकाशवाणी के विभिन्न संस्थानों में वरिष्ठ पदों पर कार्य कर चुके हैं तथा प्रसारण सेवाओं के तकनीकी आधुनिकीकरण और प्रशासनिक सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं।

## विज्ञान समिति संस्थापक डॉ. के.एल. कोठारी का 91वां जन्मदिवस मनाया, विभिन्न संस्थाओं ने किया सम्मानित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** विज्ञान समिति के संस्थापक एवं कुलप्रमुख डॉ. के.एल. कोठारी का 91वां जन्मदिवस डॉ. डी.एस. कोठारी सभागार में सादगी और आत्मीयता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ, जिसके बाद डॉ. के.एल. कोठारी का तिलक, माला, उपरणा, शॉल और पगड़ी पहनाकर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर महावीर इंटरनेशनल, युगधारा, लोकजन सेवा संस्थान, लोकाशाह, पेंशनर्स एसोसिएशन, वरिष्ठ नागरिक समूह, कृषक समूह सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं



देते हुए सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रकाश तातेड़, आर.के. खोखावत एवं डॉ. रेणु सिरोया ने स्वरचित कविताएं प्रस्तुत कीं, वहीं डॉ. बी.एल. चावत, आर.के. नेभनानी, डॉ. के.एल. तोतावत और शिवा तलेसरा ने गीतों की प्रस्तुति दी। वक्ताओं ने विज्ञान समिति की 67 वर्षों की सेवा यात्रा और डॉ. कोठारी के योगदान पर प्रकाश डाला।

डॉ. के.एल. कोठारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. महीप भटनागर ने की, संचालन डॉ. आर.के. गर्ग तथा आभार मुनीष गोयल ने व्यक्त किया।

## मुख्यमंत्री मंगला बीमा योजना से पशुपालक को मिला 40 हजार का बीमा लाभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** ग्राम पंचायत कुंन में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में मुख्यमंत्री मंगला बीमा योजना के तहत पशुपालक शंकर लाल डांगी की भैंस का 40 हजार का निःशुल्क बीमा किया गया। शंकर लाल ने बताया कि उनकी आजीविका पशुपालन पर निर्भर है। शिविर में



अधिकारियों ने योजना की जानकारी देकर मौके पर ही आवश्यक दस्तावेज पूरे कर बीमा स्वीकृत किया, जिससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा का भरोसा मिला। लाभार्थी ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार जताया। शिविर में तहसीलदार रामजी लाल गुर्जर, विकास अधिकारी मांगू सिंह मीणा, पशुपालन विभाग के अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## ग्रामीण सेवा शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र मिला, योजनाओं का मिलेगा लाभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**सलूम्बर।** ग्राम पंचायत कराकला में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में दो वर्षों से दिव्यांगता प्रमाण पत्र के अभाव में सरकारी योजनाओं से वंचित प्रवीण पुत्र रघु मीणा को मौके पर ही नया दिव्यांगता प्रमाण पत्र जारी किया गया।

प्रमाण पत्र नहीं होने से प्रवीण दिव्यांग पेंशन, चिकित्सा सहायता सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे थे। शिविर में चिकित्सा टीम और प्रशासन ने आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर प्रमाण पत्र जारी किया, जिससे अब उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।




प्रमाण पत्र मिलने पर प्रवीण और उनके परिजनों ने राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन का आभार जताया। ग्रामीण सेवा शिविरों में पात्र लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान कर योजनाओं का लाभ गांव स्तर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

## स्वराज द्वीप पुलिस ने 200 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को पकड़ा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**दक्षिण अंडमान।** ड्रग जागरूकता सप्ताह के दौरान स्वराज द्वीप थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार किया। मौके से गांजा तौलने में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन भी जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 20(b)(ii)(A) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब मादक पदार्थ की सप्लाई से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है। दक्षिण अंडमान पुलिस ने आमजन से नशे से जुड़ी किसी भी सूचना की



जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## काव्य



मोनिका डागा आनंद

(रचना स्वरचित व सर्वाधिकार सुरक्षित)

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

### महँगाई की मार

रोज मिल रहे हैं बस नए-नए जख्म,
किसे कहें अपना दर्द खुलकर हम,
आम आदमी तो टूट रहा है हर दिन,
दैनिक जीवकोपार्जन है बड़ा कठिन ।
कमर तोड़ती हुई ये महँगाई की मार,
चक्रवृद्धि ब्याज सी दरें बढ़ती तीव्र धार,
आमदनी होती जा रही धीरे-धीरे कम,
महँगाई ने भैया कर रखा नाक में दम ।
सरकारें बस बदलती और बनती है नई,
पर महँगाई पर अंकुश नहीं लगाता कोई,
आम आदमी को देते हैं झाँसा अक्सर,
सब स्वविकास की दौड़ में है बस तत्पर ।
सोना-चाँदी ख़्वाबों में भी नहीं खरीद सकें,
पहले दाल-रोटी तो नसीब से पूरी मिल सकें,
आम आदमी केवल बोझा ढोता रहता सारा,
पेट्रोल गैस राशन तेल सबने बार-बार मारा ।
गरीबी की रेखा से है ऊपर पर अमीर कहाँ,
तड़पता खड़ा उसी बिन्दु पर बरसों से वहाँ,
चिंताओं के घेरे में व्याकुल किस्मत को कोसें,
जीवन आनंद मिल सकता कभी क्या उसे ।
अमीरों को नहीं पर पड़ता हैं ज्यादा फर्क,
आम आदमी देखता जीवन को होते नरक,
बस चुनावों के समय बनाया जाता महाराजा,
काम निकलते ही सरकारें बजाती उसका बाजा ।

## नाहर हॉस्पिटल का मानसून ऑफर, एमआरआई और सीटी स्कैन पर 40 प्रतिशत छूट

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** नाहर हॉस्पिटल ने क्षेत्रवासियों के लिए मानसून ऑफर के तहत 1 जुलाई से 31 जुलाई तक एमआरआई एवं सीटी स्कैन जांच पर 40 प्रतिशत विशेष छूट की घोषणा की है।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि मरीज अत्याधुनिक मशीनों पर



अनुभवी रेडियोलॉजिस्ट एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में रियायती दरों पर जांच सुविधा का लाभ ले सकेंगे। अस्पताल में सटीक रिपोर्ट, कम समय में जांच और बेहतर चिकित्सा परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। अस्पताल प्रबंधन ने चिकित्सकीय सलाह मिलने पर समय पर एमआरआई या सीटी स्कैन कराने की अपील की है। नागरिक कल्याण मंच के अध्यक्ष माणकमल भंडारी ने बताया कि यह ऑफर जरूरतमंद परिवारों के लिए आर्थिक राहत प्रदान करेगा। वहीं अस्पताल संचालक सुखराज नाहर ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के माध्यम से क्षेत्र को मेडिकल हब बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## एलआईसी एजेंट्स फेडरेशन के चुनाव सम्पन्न, गुलाबसिंह राव मंडल उपाध्यक्ष व पारस मोदी नगर अध्यक्ष निर्वाचित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल।** एलआईसी एजेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की स्थानीय शाखा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। चुनाव में गुलाबसिंह राव मंडल उपाध्यक्ष, पारस मोदी नगर अध्यक्ष तथा वालाराम चौधरी सचिव निर्वाचित हुए।

मीडिया प्रभारी माणकमल भंडारी ने बताया कि बैठक मंडल अध्यक्ष जीवाराम आर्य, मंडल महासचिव चन्द्रप्रकाश सोनी, प्रतिपालसिंह वालेचा एवं राजेश चौहान की उपस्थिति में आयोजित हुई। इस दौरान संगठन के कार्यों की समीक्षा, आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया तथा डिवीजन



पदाधिकारियों की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया।

बैठक में एलआईसी अभिकताओं के हितों की सुरक्षा, संगठन को मजबूत बनाने तथा अभिकताओं से एकजुट होकर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में एलआईसी अभिकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत किसानों को दिया प्रशिक्षण

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** राष्ट्रीय बांस मिशन के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, बड़गांव में दो दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को बांस उत्पादन, उपयोग, रोपाई, कटाई तथा इससे आय बढ़ाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई।

उद्यान विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों ने बताया कि बांस पर्यावरण संरक्षण, भूमि कटाव रोकने तथा फर्नीचर, कागज, हस्तशिल्प सहित कई उद्योगों में उपयोगी है। प्रशिक्षण के बाद किसानों को बांस नर्सरी एवं उत्पादन क्षेत्र देवला (कोटड़ा) और स्वरूपगंज (सिरोही) का भ्रमण



भी कराया गया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, कृषि विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों सहित करीब 50 किसान उपस्थित रहे।

## ईडी ने पहली बार जब्त विमान की नीलामी की, 3 करोड़ रुपये में बिका हॉकर-800ए

**हैदराबाद @ पदमावत मीडिया।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत जब्त हॉकर-800ए विमान की पहली बार नीलामी कर उसे 3 करोड़ रुपये में बेच दिया। नीलामी से प्राप्त राशि का उपयोग न्यायालय की अनुमति के बाद पोंजी घोटाले के पीड़ित निवेशकों को लौटाने में किया जाएगा। ईडी के अनुसार विमान मार्च 2025 में कैपिटल प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े धनशोधन मामले में जब्त किया गया था। जांच में कंपनी पर 792 करोड़ रुपये के कथित पोंजी घोटाले के जरिए निवेशकों से धोखाधड़ी करने का आरोप है। मामले में ईडी पहले ही तीन आरोपियों को




गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय में अभियोजन शिकायत पेश कर चुकी है। एजेंसी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।



मुंबई में पानी की कमी से परेशान कनिका महेश्वरी, बोलीं-

# अब हर बूंद का हिसाब रखना पड़ता है

*टीवी अभिनेत्री कनिका महेश्वरी ने मुंबई में बढ़ते जल संकट पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि पानी की कमी एक ऐसी समस्या है, जो लोगों की पूरी दिनचर्या बदल देती है। उन्होंने सरकार से इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की। कनिका महेश्वरी ने कहा, ''पानी की कमी का असर हर छोटे-बड़े काम को प्रभावित करता है। जब सुबह उठते ही यह चिंता हो कि खाना बनाने, सफाई करने या रोजमर्रा की साफ-सफाई के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा या नहीं, तब समझ आता है कि पानी जैसी जरूरी चीज कितनी अनमोल है। हम अक्सर शहर के विकास और बेहतर सुविधाओं की बात करते हैं, लेकिन सम्मानजनक जीवन की सबसे पहली जरूरत नियमित और साफ पानी है।''*

कनिका ने कहा, 'लगातार पानी की कमी लोगों को अपनी जीवनशैली बदलने पर मजबूर कर देती है। पहले जहां लोग आराम से शॉवर लेते थे, वहीं अब पानी बचाने के लिए बाल्टी से नहाना पड़ता है। हर लीटर पानी सोच-समझकर इस्तेमाल करना पड़ता है। आप अपनी जरूरतों से ज्यादा पानी की खपत का हिसाब लगाने लगते हैं। यह परेशानी हजारों परिवार हर दिन झेलते हैं। जब तक कोई खुद इस स्थिति से नहीं गुजरता, तब तक उसके मानसिक बोझ को समझ पाना आसान नहीं होता। ' उन्होंने कहा, 'अब समय आ गया है कि जल प्रबंधन को लंबे समय की योजना के रूप में देखा जाए। शहर लगातार बढ़ रहे हैं, इसलिए पानी की व्यवस्था भी उसी हिसाब से मजबूत होनी चाहिए। लोगों को हर बार पानी की कमी के हिसाब से अपनी जिंदगी ढालने के लिए मजबूर नहीं होना चाहिए। साफ और नियमित पानी की आपूर्ति कोई सुविधा नहीं, बल्कि हर परिवार का बुनियादी अधिकार है। ' कनिका ने कहा, 'पानी बचाने की आदत सिर्फ संकट के समय नहीं होनी चाहिए। हमें रोजमर्रा की जिंदगी में भी पानी की बर्बादी रोकनी होगी। जहां रिसाव हो, उसे तुरंत ठीक कराना चाहिए। जितना संभव हो, पानी का दोबारा इस्तेमाल करना चाहिए और छोटी-छोटी सावधानियां अपनानी चाहिए। अगर हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझे तो हम मिलकर बड़ा बदलाव ला सकते हैं। आज बचाई गई हर बूंद आने वाले कल को सुरक्षित बना सकती है। '



# आकांक्षा रंजन का इक्का' के साथ फिर करेगी सरप्राइज

मुंबई आकांक्षा रंजन अब साफ़ तौर पर ये साबित कर रही हैं कि उन्हें अपने रोल्स के साथ एक्सपेरिमेंट करने से ज़रा भी डर नहीं लगता। हर नए प्रोजेक्ट के साथ वो कुछ ऐसा लेकर आती हैं जो उनके पिछले किरदार से बिल्कुल अलग होता है। इसी के चलते उनकी फिल्मोग्राफी अब एकदम रंग-बिरंगी और वर्सेटाइल बनती जा रही है। हाल ही में 'ग्राम चिकित्सालय सीज़न 2' में उन्होंने एक दिल छू लेने वाली, दयालु गांव की डॉक्टर – डॉ. गर्गी – का किरदार निभाकर खूब तारीफें बटोरी हैं। और अब आकांक्षा तैयार हैं दर्शकों को एकदम नया झटका देने के लिए, अपने आने वाले लीगल थ्रिलर 'इक्का' में। गांव की सादगी छोड़कर इस बार वो कोर्टरूम की तेज़-तर्रार दुनिया में एंट्री ले रही हैं, जहां वो एक मॉडर्न यंग वुमन के किरदार में नज़र आएंगी – जो उनके काम में एक और नया तड़का जोड़ता है। आज रिलीज़ हुआ 'इक्का' का ट्रेलर इस इंटेंस कहानी की एक झलक देता है। एक दमदार कोर्टरूम ड्रामा के बैकड्रॉप पर बनी ये कहानी एक मशहूर वकील के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे एक मर्डर के आरोपी का केस लड़ना पड़ता है। हालांकि आकांक्षा के किरदार को लेकर मेकर्स ने अभी ज़्यादा खुलासा नहीं किया है, लेकिन ट्रेलर ये इशारा ज़रूर करता है कि उनकी भूमिका कहानी में खास अहमियत रखती है।

इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने को लेकर आकांक्षा कहती हैं, 'मेरे लिए सबसे ज़्यादा मायने रखता है कि मैं अपने किरदार के ज़रिए क्या इम्पैक्ट ला सकती हूं। मैं काफी एक्साइटेड हूं कि अब दर्शक 'इक्का' की दुनिया की पहली झलक ट्रेलर के ज़रिए देख पाएंगे। मैंने पहले भी कहा है कि थ्रिलर मेरा पसंदीदा जॉनर है, तो ऐसे प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना मेरे लिए और भी रोमांचक था। मेकर्स की सोच और जिस तरह से स्क्रिप्ट मुझे सुनाई गई, उसने मुझे और भी खींच लिया। उनके विज़न में एकदम क्लैरिटी थी, और वही चीज़ मेरे साथ रह गई। '



## नेहा जमकर पैपराजी पर भड़कीं बोलीं-

# यह सब बंद करो

**नेहा** धूपिया बॉलीवुड की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं, जो बेबाकी से अपनी राय रखती हैं। एक वायरल वीडियो में वह पैपराजी पर बुरी तरह से भड़क गईं। उन्होंने पैपराजी को वाहियात तरीके से एक्ट्रेसेस के बैक शॉट लेने पर डांटा। 'ये बदतमीजी से बैकशॉट कौन लेता है तुम लोगों में से? कौन लेता है? बंद करो।' सोमवार रात एक इवेंट में शामिल हुईं नेहा धूपिया ने सख्ती से यह बात पैपराजी के सामने कही। नेहा इस बात से बहुत नाराज हैं कि कई पैपराजी एक्ट्रेसेस के बैक शॉट लेते हैं, जो बहुत ही खराब ढंग से लिए जाते हैं। वायरल वीडियो में नेहा कहती हैं, 'मेरा बैक शॉट नहीं लेना है। किसी का भी बैक शॉट नहीं लेना है। बोल बोल कर थक गए हैं। बैग उठाकर, किताब उठाकर, पीछे चलकर देख लिया। यह सब नहीं चलेगा अब। बंद करो यह सब। हमलोग बहुत इज्जत से बात करते हैं, आप लोगों से। आप लोग यह सब मत करो।

### 'ये सेलेब्स भी इस मामले पर जता चुके हैं नाराजगी

यह नई बात नहीं है कि पैपराजी के बैक शॉट लेने की आदत से एक्ट्रेसेस परेशान हैं। पहले भी गौहर खान, भारती सिंह इस मामले पर खुलकर बात कर चुकी हैं। गौहर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके पैपराजी को लताड़ा था। गौहर ने कहा था, 'क्या पैप्स छेड़छाड़ के कल्चर को बढ़ावा नहीं दे रहे हैं? ऐसे बहुत से लोग हैं जो लगातार अभद्र टिप्पणियां करते रहते हैं। आप लोग अपनी लिमिट पार नहीं कर सकते हैं।



# शाहिद कपूर ने क्यों कम कर दी अपनी फीस?

### 35 से 18 करोड़ पर आए


शाहिद कपूर हालिया रिलीज फिल्म 'कॉकटेल 2' ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है तो वहीं अब वो अपनी अगली फिल्म की शूटिंग के लिए भी तैयार हैं. अपनी इस फिल्म के लिए वो 18 करोड़ चार्ज कर रहे हैं, जोकि 'कॉकटेल 2' की फीस से काफी कम है. शाहिद कपूर, कृति और रश्मिका मंदाना स्टारर 'कॉकटेल 2' ने सिनेमाघरों में रिलीज होते ही धूम मचाई और बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है. अक्सर देखा जाता है कि फिल्मों के सफल होने के पाद एक्टर्स की फीस बढ़ जाती है, लेकिन शाहिद कपूर के साथ इसका उलट हुआ है. उन्होंने अपनी अगली फिल्म में 'कॉकटेल 2' से कम फीस चार्ज की है. शाहिद कपूर अपनी फिल्म 'फर्जी 2' की शूटिंग में तो बिजी हैं ही. इसके अलावा वो अब एक और फिल्म के शूट के लिए तैयार हैं. जानकारी के मुताबिक वो फिल्म 'अदल बदल' की शूटिंग अक्टूबर 2026 से शुरू कर देंगे, लेकिन इसके लिए उन्होंने 18 करोड़ फीस ली है. जबकि जानकारी के मुताबिक, 'कॉकटेल 2' के लिए एक्टर ने 35 करोड़ लिए हैं.

बजट प्रोजेक्ट को लेकर थी समस्या

एक रिपोर्ट के मुताबिक, शाहिद कपूर निर्देशक अमित रविंद्रनाथ शर्मा की अगली फिल्म 'अदल बदल' में नजर आएंगे. इस फिल्म का निर्माण सुनीर खेतरपाल और अमेजन एमजीएम मिलकर कर रहे हैं, लेकिन बजट को लेकर प्रोजेक्ट के आगे बढ़ने में कुछ समस्या आ रही थी.


# एस.एस. राजामौली ने खोला राज

### फोन कार में रखते हैं महेश बाबू, सेट पर सिर्फ फोकस



**फिल्ममेकर** एस.एस. राजामौली ने हाल ही में एक इंटरव्यू में महेश बाबू के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' पर काम करने का अनुभव साझा किया और बताया कि आखिर क्या चीज उन्हें सबसे ज्यादा प्रभावित कर गई। जहां एक तरफ वह सालों से महेश के अभिनय के फैन रहे हैं, वहीं इस बार उन्हें जो बात सबसे ज्यादा चौंकाने वाली लगी, वो थी महेश बाबू का जबरदस्त अनुशासन, प्रोफेशनल रवैया और सेट पर उनका अटूट फोकस। राजामौली ने कहा, 'एक अभिनेता के तौर पर मुझे ज्यादा हैरानी नहीं हुई, क्योंकि मैं उनके काम को लंबे समय से देख रहा हूं। मुझे पता है वो क्या कर सकते हैं। लेकिन जिसने मुझे सच में सरप्राइज किया, वो है उनका काम करने का तरीका।' उन्होंने महेश बाबू की एक खास आदत का जिक्र किया जो उन्हें बेहद अलग लगी।

उनके मुताबिक, महेश शूट के दौरान अपना फोन पूरी तरह दूर रखते हैं, जिससे उनका पूरा ध्यान सिर्फ काम पर रहता है। 'वो ऑफिस में बिना फोन के आते हैं। फोन कार में ही छोड़ देते हैं और सीधे अंदर आते हैं। शूट के दौरान मैंने उन्हें कभी सेट पर फोन के साथ नहीं देखा। जब वो वापस कार में जाते हैं, तभी फोन उठाते हैं। ' राजामौली ने आगे बताया कि महेश का यह अनुशासन सिर्फ फोन से दूर रहने तक सीमित नहीं है। ब्रेक के समय भी वो फोन में उलझने के बजाय चुपचाप आसपास हो रही हर चीज को ऑब्जर्व करना पसंद करते हैं।



'धुंरधर' एक्ट्रेस आयशा खान पर हुआ काला जादू? सुनाया मिट्टी का किस्सा, बोलीं-

# मुझे मार दो, किस्सा खत्म करो

आयशा खान ने एक व्लॉग में दावा किया है कि उन पर किसी ने काला जादू किया। उन्होंने फिर बताया कि कैसे किसी ने उनके घर पर पार्सल में मिट्टी भेजी और उस पर काला जादू था। आयशा ने कहा कि काला जादू करना है तो उन्हें एक ही बार में मार दो ताकि किस्सा ही खत्म हो जाए। 'धुरंधर' और 'किस किसको प्यार करूं 2' में नजर आईं एक्ट्रेस आयशा खान ने एक ऐसा दावा किया है, जिसने फैंस को भी चौंका दिया है। आयशा का कहना है कि उन पर किसी ने काला जादू किया और हो सकता है कि वह अभी श्रापित हों। ऐसा इसलिए क्योंकि पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं है और उनके साथ कुछ भी अच्छा नहीं हो रहा है।



'ऑटिज्म बीमारी नहीं, समझ और अपनापन चाहिए'

# ईशा सिंह ने समाज की सोच पर उठाए सवाल

**टीवी** अभिनेत्री ईशा सिंह इन दिनों अपने आने वाले शो 'जूही मुई' को लेकर चर्चा में हैं। इस शो में वह अपने करियर का अब तक का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने जा रही हैं। ईशा इसमें ऑटिज्म स्पेक्ट्रम पर रहने वाली लड़की 'जूही' की भूमिका में नजर आएंगी। अपने इस किरदार की तैयारी और ऑटिज्म को लेकर समाज में फैली गलतफहमियों पर अभिनेत्री ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में लोग ऑटिज्म को बीमारी समझते हैं, जबकि यह एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है। एक इंटरव्यू में ईशा सिंह ने कहा, ''आज भी बहुत से लोग ऑटिज्म को सही तरीके से नहीं समझते। जागरूकता की कमी पढ़े-लिखे लोगों के बीच भी देखने को मिलती है। मेरे अपने दोस्तों में भी ऐसे लोग हैं जिन्हें ऑटिज्म के बारे में सही जानकारी नहीं है। ऐसे में सबसे जरूरी बात यह है कि लोग इस विषय को समझें और इसके बारे में सही जानकारी हासिल करें। ईशा सिंह ने कहा, ''ऑटिज्म को लेकर सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि लोग इसे बीमारी मान लेते हैं। जबकि सच यह है कि ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क के विकास से जुड़ी एक न्यूरोलॉजिकल स्थिति है। कुछ माता-पिता यह सोचते हैं कि ऑटिज्म एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैल सकता है, जबकि यह पूरी तरह गलत धारणा है। ऑटिज्म न तो संक्रामक है और न ही यह किसी तरह की बीमारी है।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत – 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।